जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना

जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना,
एक भगत चुप चुप कर रोए मेरी मां से कह देना,
जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना.....

लोग निराले होते हैं जो मां के दर पर जाते हैं,
मेरा बुलावा कब आएगा मेरी मां से कह देना,
जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना.....

पत्थर के मंदिर में रहकर दिल भी पत्थर हो गया,
हमसे क्या गलती हुई है मेरी मां से कह देना,
जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना.....

तू मैया मै तेरी पुजारिन मन में लगन लगा देना,
धन दौलत की चाह नहीं है दर्शन हम को दे देना,
जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना.....

मैं भी मां के दर जाऊंगी मेरा बुलावा आएगा,
खाली झोली भर लाऊंगी मेरी मां से कह देना,
जाने वाले यह संदेशा मेरी मां को दे देना.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/31897/title/jane-wale-yeh-sandesha-meri-maa-ko-de-dena

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |